दैनिक भास्कर 06/11/2024

स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए बच्चों को दिए टिप्स

अम्बाला | सिख सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पर्यावरण जागरूकता व चुनौतियों पर एक गतिविधि आयोजित की गई। जिसमें जीएमएन कॉलेज व सिख स्कूल के एनसीसी एवं एनएसएस विंग के बच्चों ने विशेष भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य सुखजिंदर कौर कीथ एवं जीएमएन कॉलेज के एनसीसी एसोसिएट ऑफिसर डॉ. सुरेंद्र सिंह व एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सरोज बाला द्वारा कार्यक्रम कराया गया। जिसमें बच्चों को पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए विशेष टिप्स दिए गए। वहीं बच्चों ने मिलकर पौधारोपण गतिविधि में भी भाग लिया। प्रधानाचार्य सुखजिंदर कौर कीथ व उप प्रधानाचार्य रीटा शर्मा ने बच्चों को आगे भी इसी प्रकार से विभिन्न गतिविधियों द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।